Roll No.
Total No. of Questions : 19
Total No. of Printed Pages : 4

Serial Number

1722210

808

SET / सेट : **B**

डिप्लोमा इन एलीमेन्ट्री एज्युकेशन (डी.एल.एड.) मुख्य परीक्षा – 2026

प्रथम वर्ष

मातृभाषा / क्षेत्रीय भाषा शिक्षण (Pedagogy of Mother Tongue / Regional Language)

(क) हिन्दी भाषा शिक्षण

Hindi Language Teaching

Time : 3 Hours] [Maximum Marks : 70

निर्देश :

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 3 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। इन प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर लिखिए।

(iii) प्रश्न क्रमांक 4 से 9 अति लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। शब्द सीमा 30 शब्द है।

(iv) प्रश्न क्रमांक 10 से 13 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। शब्द सीमा 75 शब्द है।

(v) प्रश्न क्रमांक 14 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। शब्द सीमा 120 शब्द है।

(vi) प्रश्न क्रमांक 15 से 17 तक निबंधात्मक प्रश्न हैं। शब्द सीमा 150 शब्द है।

(vii) प्रश्न क्रमांक 18 एवं 19 निबंधात्मक प्रश्न हैं। शब्द सीमा 180 शब्द है।

(viii) प्रश्न क्रमांक 10 से 19 तक सभी प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

ChandraBoard.in

1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए – 5×1=5

(i) शिक्षण उद्देश्यों की ज्ञानात्मक पक्ष में वर्गिकी किसने की है?

(ii) 'श्रवण' शब्द किस धातु से बना है?

(iii) 'व्यास प्रणाली' में शिक्षक किसकी तरह कथा वाचक का स्थान ग्रहण करता है?

(iv) प्रदत्त कार्य का मुख्य उद्देश्य लिखिए।

(v) पृष्ठपोषण का आशय स्पष्ट कीजिए।

2 सही विकल्प चुनकर लिखिए : 5×1=5

(i) 'मानसिक विकास में भाषा उतनी ही आवश्यक है, जितना शिशु के शारीरिक विकास के लिए माँ का दूध।' यह कथन है –

(अ) जाकिर हुसैन का (ब) महात्मा गांधी का

(स) रायबर्न का (द) गिजुभाई बधेका का

(ii) वाचन शिक्षण की विधि है –

(अ) वर्ण शिक्षा विधि (ब) कथन विधि

(स) अनुकरण विधि (द) वाक्य शिक्षण विधि

(iii) कॉपी या स्लेट को आँखों से दूर रखना चाहिए –

(अ) लगभग 32 सेमी. (ब) लगभग 35 सेमी.

(स) लगभग 30 सेमी. (द) लगभग 25 सेमी.

(iv) पद्य शिक्षण का सोपान नहीं है –

(अ) आदर्श वाचन (ब) अनुकरण वाचन

(स) उच्चारण संशोधन (द) भाव विश्लेषण

(v) व्याकरण शिक्षण की प्राचीन विधि नहीं है –

(अ) व्याख्या विधि (ब) सूत्र विधि

(स) समवाय विधि (द) भाषा संसर्ग विधि

3 सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – 5×1=5

(i) बैलार्ड ने घर की बोली को 'माता की भाषा' एवं समाज द्वारा स्वीकृत भाषा को __________ कहा है।
(मातृभाषा / स्थानीय भाषा)

(ii) भाषा एक कौशल, एक कला, एक भाव और एक __________ है।
(क्रिया / कर्ता)

(iii) चौदह माहेश्वर सूत्रों के रचयिता __________ हैं।
(आचार्य पाणिनि / आचार्य पतंजलि)

(iv) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार आधुनिक पाश्चात्य लक्षणों के अनुसार __________ उसी को कहना चाहिए, जिसमें व्यक्तिगत विशेषता हो।
(निबंध / कहानी)

(v) मौखिक रचना की प्रमुख विधा __________ है।
(परिचर्चा / स्पष्टीकरण)

4 निगमन विधि में कितने पदों का अनुसरण किया जाता है ? 2

5 प्रोजेक्ट कार्य क्या है ? 2

6 स्वर कितने प्रकार के होते हैं ? 2

7 श्रवण कौशल को विकसित करने के साधन कौन–कौन से हैं ? 2

8 सुलेख का महत्व लिखिए। 2

9 कविता कण्ठस्थीकरण की दो विधियाँ लिखिए। 2

10 सस्वर वाचन और मौन वाचन में अन्तर लिखिए। 3

अथवा

गम्भीर पठन और द्रुत पठन में क्या अन्तर है ? समझाइए।

11 चित्रकथा, कॉमिक्स एवं कार्टून गद्य विधाओं का महत्त्व स्पष्ट करते हुए इनके शिक्षण में ध्यान रखने योग्य बातों का उल्लेख कीजिए। 3

अथवा

'कहानी गद्य साहित्य की एक सशक्त एवं रोचक विधा है' स्पष्ट कीजिए।

1722210

12 हिन्दी भाषा शिक्षण के उद्देश्यों का निर्धारण करने वाले प्रमुख मानदण्डों का विश्लेषण कीजिए। 3

अथवा

शिक्षण में विषय अध्यापक की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

13 'भाषा ज्ञानगम्य नहीं, अभ्यास गम्य है' व्याख्या कीजिए। 3

अथवा

हिन्दी भाषा सीखने के प्रमुख अंग कौन–कौन से हैं?

14 वाचन संबंधी अशुद्धियों के प्रमुख कारण एवं उनके निवारण की विधियाँ लिखिए। 4

अथवा

श्रवण कौशल शिक्षण की विधियाँ लिखिए।

15 गद्य शिक्षण के प्रमुख सोपानों का वर्णन कीजिए एवं गद्य शिक्षण में इनका महत्व प्रतिपादित कीजिए। 5

अथवा

कक्षा–4 में कहानी पढ़ाने के लिए कोई गतिविधि आधारित पाठ–योजना बनाइए।

16 भाषा के विविध रूपों का विस्तृत वर्णन कीजिए। 5

अथवा

शिक्षण की अवधारणा स्पष्ट करते हुए प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

17 लेखन कौशल की प्रमुख विधियों का विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए। 5

अथवा

पठन कौशल के पश्चात बच्चों को स्व–अधिगम से जोड़ने के लिए शिक्षक को कौन–कौन सी गतिविधियों का प्रयोग करना चाहिए?

18 टीप लेखन का अर्थ स्पष्ट कीजिए एवं टीप लेखन प्रारूप का बिंदुवार निर्माण कीजिए। 6

अथवा

मूल्यांकन एवं आकलन का रख–रखाव एवं दस्तावेजीकरण करने हेतु एक रिकार्ड फाइल का निर्माण कीजिए।

19 व्याकरण शिक्षण की प्राचीन एवं अर्वाचीन विधियों का विस्तार से वर्णन कीजिए। 6

अथवा

व्याकरण–शिक्षण के प्रमुख उद्देश्यों का विस्तृत वर्णन कीजिए।

DElEdBoard.in